भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2562**
उत्तर देने की तारीख-09/03/2026

**उच्च शिक्षा संस्थानों के अनुदान में कटौती**

†2562. **श्री खलीलुर रहमान:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में उच्च शिक्षा संस्थानों को आवंटित किए जाने वाले अनुदानों में महत्वपूर्ण कमी आई है;

(ख) यदि हाँ, तो अनुदानों में ऐसी कटौती के क्या कारण हैं;

(ग) निधियों में कटौती की दर और मात्रा कितनी है तथा देश के उन शीर्ष बीस संस्थानों के नाम क्या हैं जो ऐसी कटौती से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं; और

(घ) क्या सरकार ने विशेष रूप से शिक्षण शुल्क और अन्य संस्थागत व्ययों में संभावित वृद्धि के संबंध में ऐसी निधि कटौती के छात्रों पर संभावित प्रभाव का आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क): उच्चतर शिक्षा विभाग के लिए ब.अ. 2025-26 में 50077.95 करोड़ रुपये की तुलना में ब.अ. 2026-27 में बढ़ाकर 55727.22 करोड़ रुपये कर दिया गया है। उच्चतर शिक्षा संस्थाओं को आबंटित सहायता अनुदान में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए ब.अ. 2025-26 की तुलना में ब.अ. 2026-27 में निधि के आवंटन में क्रमशः 4.58%, आईआईटी के लिए 6.82%, एनआईटी के लिए 10.07%, आईआईएम के लिए 15.92%, सम विश्वविद्यालयों के लिए 7.62% और यूजीसी के लिए 11.18% की वृद्धि की गई है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

****